क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.) 473001

☎ : 07542-299199 ✆: +91 9406516111 🖹 registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक/...074..../डी.सी.डी.सी./क्रां.ता.वि./2026 **गुना, दिनांक : 30/04/2026**

प्रति,

समस्त प्राचार्य (अशासकीय महाविद्‌यालय)
जिला- गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर

विषय- **विश्वविद्यालयीन निरीक्षण के दौरान पाई गई कमिंयों को दूर करने विषयक।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माह अप्रैल 2026 में विश्वविद्‌यालय के निरीक्षण दल द्वारा अपने क्षेत्राधिकार (जिला-गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी) अंतर्गत तीनों जिलों में स्थापित अशासकीय महाविद्‌यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कतिपय अशासकीय महाविद्‌यालयों में निम्नांकित कमियां पाई गईं-

01. महाविद्‌यालयों में परिनियम 28 (17) अंतर्गत स्टॉफ की नियुक्ति की जावे, सहायक स्टॉफ की शासी निकाय द्वारा पदस्थापना की जावे, महाविद्‌यालय में स्टॉफ की नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित की जावे।
02. सभी विषयों की प्रयोगशालाओं को पृथक-पृथक किया जावे।
03. पुस्तकालय में एनईपी 2020 अनुरूप पुस्तकों का क्रय किया जावे। संचालित संकाय की स्थापना हेतु निर्धारित मानकों अनुसार पुस्तकों की संख्या संधारित की जावे। शोध जरनलस की भी सदस्यता सुनिश्चित की जावे।
04. खेल के मैदान एवं क्रीडा गतिविधियों का व्यवसथित संचालन एवं क्रीडाधिकारी की नियुक्ति की जावे।
05. जहां भवन का निर्माण प्रगतिशील है, वहां निर्माण कार्य शीध्र पूर्ण किया जावे। पूर्णता प्रमाणपत्र विश्वविद्‌यालय को प्रस्तुत किया जावे।
06. महाविद्‌यालय की वेवसाईट बनवाई जावे, जिन महाविद्‌यालयों की पूर्व से वेवसाईट संचालित हैं, उसे अद्यतन किया जावे।

नोट- आगामी प्रवेश सत्र से सभी महाविद्यालय न्यूनतम आवश्यक अर्हताओं को पूर्ण करे ताकि आगामी प्रवेश सत्र 2027–28 में निरीक्षण उपरांत ही महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किए जा सकें।

(प्रो. ए.के. मुदगल)
कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय
गुना म.प्र.

प्रतिलिपि :- 074

1. **निज सहायक के माध्यम से मा. कुलगुरू महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।**
2. **सहायक कुलसचिव (अकादमिक शाखा) क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना।**
3. **डी.सी.डी.सी. शाखा, वास्ते रिकॉर्ड।**

(नवीन पटवा)
प्रभारी - डी.सी.डी.सी.
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय
गुना म.प्र.